आंतरिक व्यावसायिक आचार संहिता

दिसंबर 2015

विषय-वस्तु

आंतरिक व्यावसायिक आचार संहिता 1

1. परिचय 3

2. व्यवहार्यता का दायरा 4

3. आचरण के मानक 5

3.1. नियामक अनुपालन: नैतिकता की दृष्टि से और कानून के अनुपालन में कार्य करना। 5

3.2. जानकारी की पारदर्शिता, ईमानदारी और गोपनीयता। 5

3.3. टैक्स देनदारियाँ और सार्वजनिक धन का उपयोग 6

3.4. हित समूहों के साथ संबंध 7

- शेयरधारकों के साथ संबंध। 7
- ग्राहकों के साथ संबंध। 7
- आपूर्तिकर्ताओं, ठेकेदारों और भागीदार कंपनियों के साथ संबंध। 7
- प्रतिस्पर्धियों के साथ संबंध। 8
- सरकारों और सरकारी अधिकारियों के साथ संबंध। 8
- एक उत्पीड़न और भेदभाव मुक्त कार्य वातावरण। 8
- मानव अधिकारों के लिए सम्मान। 8
- पर्यावरण के प्रति सम्मान। 9
- दान और सामाजिक परियोजनाएँ। 9

3.5. स्वास्थ्य और सुरक्षा 9

3.6. भ्रष्टाचार और धोखाधड़ी की रोकथाn 10

3.7. हित संघर्ष 11

3.8. संसाधनों और परिसंपत्तियों का उपयोग 12

- परिसंपत्तियों का निपटान 12
- इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के उपयोग 12

3.9. व्यक्तिगत डेटा की सुरक्षा ... 12

3.10. बौद्धिक और औद्योगिक संपदा ... 13

4. व्याख्या ... 13

5. गैर-अनुपालन ... 14

6. आचार संहिता की अनियमितताओं या उल्लंघन के बारे में विचार-विमर्श और रिपोर्टिंग के प्रबंधन के लिए कार्यविधि ... 14

1. परिचय

Dominion, S.A. दो व्यवसाय क्षेत्रों: मोटरवाहन घटक और स्मार्ट नवोन्मेष में संचालन कर रही उच्च मूल्य संवर्धित प्रक्रियाओं में विशेषज्ञता प्राप्त एक औद्योगिक समूह है (यहाँ से आगे, " Dominion**, S.A.** "या"**समूह**", परस्पर विनिमेय)।

Dominion, S.A. की कार्रवाई के लिए मार्गदर्शक आदर्श निम्नलिखित हैं:

1. बाहरी और आंतरिक ग्राहकों के प्रति उन्मुख, और एक सेवा-आधारित दृष्टिकोण।
2. लोगों के प्रति सम्मान, उनकी पहल, रचनात्मकता, नवाचार, भागीदारी और समूह कार्य।
3. लक्ष्यों को प्राप्त करने की क्षमता और आदर्श सृजित करना।
4. परिवर्तन और निरंतर सुधार के लिए सकारात्मक दृष्टिकोण।
5. अच्छी तरह से किए गए के लिए अपनी प्रतिबद्धता में लोगों की जिम्मेदारी और निष्ठा।
6. पर्यावरण के प्रति सम्मान, किसी भी प्रभाव को कम करने के लिए काम करना।
7. पारदर्शिता, हमारी गतिविधि के सभी प्रासंगिक डेटा को सार्वजनिक कर के।

समूह के इन व्यवहार संबंधी मौलिक सिद्धांतों के एक पूरक के रूप में, Dominion, S.A. के निदेशक मंडल ने, आचरण के उन विशिष्ट नियमों के अनुमोदन को उपयुक्त माना जिनसे **आंतरिक व्यावसायिक आचार संहिता** (यहाँ से आगे "**आचार संहिता**") का निर्माण होता है।

Dominion, S.A. का दृढ़ता से मानना है कि रिश्ते आपसी विश्वास, सम्मान और हर किसी की गरिमा की स्पष्ट मान्यता पर आधारित होने चाहिए।

2. व्यवहार्यता का दायरा

आचरण के ये नियम, किसी अपवाद के बिना, समूह की सभी कंपनियों के सभी निदेशकों, प्रबंधकों, कर्मचारियों और श्रमिकों पर लागू होते हैं।

यहाँ वर्णित आचरण के नियमों की जानकारी और अनुपालन सभी के लिए अनिवार्य हैं, और कानून की अनभिज्ञता उन्हें किसी भी अधिकार क्षेत्र में उनके परिणामों से मुक्त नहीं करती है।

3. आचरण के मानक

3.1. नियामक अनुपालन: नैतिकता की दृष्टि से *और* कानून के अनुपालन में कार्य करना।

Dominion, S.A. सार्वजनिक रूप से किसी भी प्रकार के गैर कानूनी और /या आपराधिक व्यवहार के लिए अपनी पूर्ण अस्वीकृति प्रकट करती है, और स्पष्ट रूप से निर्धारित करती है कि बिना किसी अपवाद या सीमा के संगठन के भीतर इस तरह के व्यवहार, पूरी तरह से निषिद्ध हैं।

इसलिए, Dominion, S.A. के भाग सभी लोगों को, (i) एक तरफ, न केवल प्रयोज्य कानून के सख्त अनुपालन के आधार पर, बल्कि कड़ी ईमानदारी और नैतिक अखंडता के मापदंड के अधीन किसी भी नैतिक रूप से अस्वीकार्य बुरे व्यवहार से बचते हुए संगठन में अपने कार्यों को प्रदर्शित करना होगा; (ii) दूसरी तरफ, स्पष्ट रूप से और पारदर्शिता से, सुनिश्चित करना होगा कि उनके किसी भी कार्य को भ्रामक रूप से व्याख्या न की जा सके।

3.2. जानकारी की पारदर्शिता, ईमानदारी *और* गोपनीयता।

Dominion, S.A. के भाग सभी लोगों को ध्यानपूर्वक और पारदर्शिता से कार्य करना होगा और सुनिश्चित करना होगा कि उनके कार्य की कोई भ्रामक व्याख्या न की जा सके।

उन्हें एक समझने योग्य और सामयिक रूप से सच्ची और पूरी जानकारी प्रदान करते हुए, आंतरिक उपयोग के लिए और बाजार को प्रदान की गई, दोनों वित्तीय और गैर-वित्तीय जानकारियों की विश्वसनीयता और कठोरता भी सुनिश्चित करनी होगी। Dominion, S.A. में कोई भी जानबूझकर गलत, असत्य या अस्पष्ट जानकारी प्रदान नहीं करेगा जो जानकारी प्राप्त करने वाले व्यक्ति को गुमराह कर सकती है और / या समूह के शेयर बाजार मूल्य को प्रभावित कर सकती है।

इस उद्देश्य के साथ, Dominion, S.A. की वित्तीय रिपोर्टिंग प्रक्रिया में भाग लेने वाले सभी लोगों पर लागू होने वाले विशिष्ट नियमों का यहाँ वर्णन किया गया है:

- वित्तीय रिपोर्टिंग प्रक्रिया में ईमानदारी और लगन से काम करें।
- गारंटी दें कि वित्तीय जानकारी में प्रस्तुत सभी लेनदेन और तथ्य वास्तविकता में मौजूद हैं और सही समय पर दर्ज किए गए हैं।

- गारंटी दें कि वित्तीय जानकारी को कड़ाई से दर्ज किया गया है और यह ईमानदारी से सभी आपरेशनों को दर्शाती है।
- वित्तीय जानकारी को प्रयोज्य कानूनों और नियमनों तथआ आम तौर पर स्वीकार लेखांकन सिद्धांतों के अनुसार रिकार्ड और तैयार करें।
- समूह की वित्तीय नीतियों और प्रक्रियाओं और वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक नियंत्रण की एक प्रभावी प्रणाली का पालन करें।
- वित्तीय रिपोर्टिंग प्रक्रिया में सौंपी गई गतिविधियों का निष्पादन करने के लिए आवश्यक समस्त जानकारी को अद्यतित करें और बनाए रखें।
- पता लगी किसी भी त्रुटि, जो वित्तीय रिपोर्टिंग की विश्वसनीयता को प्रभावित करती है, को सुधारें या इसके सुधार के लिए रिपोर्ट करें।
- यहाँ वर्णित नियमों का अनुपालन न होने की किसी भी अनुमानित स्थिति की रिपोर्ट Dominion, S.A. के निदेशक मंडल की अनुपालन और लेखा परीक्षा समिति को करें।

यहाँ वर्णित नियमों का अनुपालन आचार संहिता में निहित शेष नियमों के अनुपालन में छूट नहीं देता है।

इसी तरह, Dominion, S.A. में सभी व्यक्तियों का दायित्व है कि वे चाहे Dominion, S.A. या अन्य कंपनियों या निकायों के स्वामित्व वाली जानकारी, जो उन्हें अपनी गतिविधि के निष्पादन के दौरान प्राप्त हुई हो उस तक उनकी पहुँच हो, की गोपनीयता का सम्मान करें। विशेष रूप से, Dominion, S.A. के कर्मचारियों के लिए अपने कार्य स्थल मेंकिसी अन्य कंपनी से संबंधित, किसी भी भौतिक या इलेक्ट्रॉनिक जानकारी या दस्तावेज, जिस तक उनकी पहुँच है या जो उनकी पिछली नौकरी के सिलसिले में उन्हें प्राप्त हुई हो, का उस कंपनी की पूर्व सहमति के बिना उपयोग करना निषिद्ध है।

3.3. टैक्स देनदारियाँ *और* सार्वजनिक धन का उपयोग

Dominion, S.A. प्रयोज्य विधानों के अनुसार लागू कर एवं सामाजिक सुरक्षा देनदारियों (टैक्स रिटर्न भरना, करों का भुगतान करना, कराधान के अधीन लेन-देन दर्ज करना, सामाजिक सुरक्षा अंशदान का भुगतान करना, आदि) का अनुपालन सुनिश्चित करती है।

तदनुसार, (i) समूह की ओर से सार्वजनिक वित्त की हानि के लिए, भुगतान की अवैध तरक़ीब, या अनुचित लाभ प्राप्त करना; साथ ही, (ii) किसी भी अवधारणा के तहत अनुचित लाभ प्राप्त करने के लिए, सामाजिक सुरक्षा योगदान और स्रोत पर कटौती की अवैध तरक़ीब निषिद्ध है।

दूसरी ओर, Dominion, S.A. की ओर से Dominion, S.A. के लाभ के लिए किसी भी प्रकार के डेटा या शर्तों को तोड़ मरोड़ कर सरकारी निकायों से सब्सिडी, कर राहतया सहायता के लिए आवेदन करना निषिद्ध है, यदि

यह कार्रवाई किसी अधिकारी या सार्वजनिक प्राधिकारी द्वारा सीधे प्रस्तावित की गई थी तो इसे अस्वीकार कर दिया जाना चाहिए और तुरंत वरिष्ठ अधिकारियों को रिपोर्ट की जानी चाहिए।

Dominion, S.A. को, विशेष रूप से, अनुदानों के लिए अनुरोध करने, आवेदन करने और औचित्य बनाने के लिए पारदर्शिताऔर सच्चाई के एक ढांचे के अंतर्गत कार्य करना होगा, किसी भी हालत में विश्वसनीय और सटीक जानकारी प्रदान करनी और अनुरोधित अनुदान के गंतव्य का पता लगाना होगा। जिस उद्देश्य के लिए इसे स्वीकृत किया गया है उसके अतिरिक्त किसी अन्य उद्देश्य के लिए किसी अनुदान या सार्वजनिक कोष का उपयोग करना भी निषिद्ध है।

3.4. हित समूहों के साथ संबंध

| शेयरधारकों के साथ संबंध।

Dominion, S.A. का उद्देश्य, शेयरधारकों के लिए मूल्य का निरंतर और सतत सृजन और सभी हिस्सेदारी सदस्यों के हितों का समायोजन करना है।
Dominion, S.A. सभी शेयरधारकों के साथ गतिशील संचार उपकरण सेटअप करने के लिए लिए उनको एक पारदर्शी, संपूर्ण, सच्चे और सटीक ढंग से और उचित जानकारी प्रदान करने का वचन देती है।
Dominion, S.A. में लोगों की कार्रवाई, हमारे शेयरधारकों के निवेश के मूल्य तथा निवेश पर एक उचित लाभ प्राप्ति की रक्षा करने और अधिकतम करने के लिए निर्दिष्ट होंगी।

| ग्राहकों के साथ संबंध।

Dominion, S.A. की नीति, पर्याप्त कीमतों में और डिलीवरी की स्वीकृत समय सीमा प्रतिबद्धताओं को पूरा करते हुए हमारे ग्राहकों के लिए उच्च गुणवत्ता वाले उत्पादों और सेवाओं की पेशकश करने की है।
Dominion, S.A. में लोगों को, शीर्ष गुणवत्ता मानकों, सेवा के प्रावधान और आपसी विश्वास एवं सम्मान पर आधारित संबंधों के दीर्घकालिक विकास के क्षेत्र में उत्कृष्टता प्राप्त करने के उद्देश्य के साथ समूह के ग्राहकों के साथ ईमानदारी से कार्य करना होगा।
ग्राहकों के साथ संविदात्मक संबंध में, पारदर्शी और पर्याप्त, सच्ची, समय पर और उचित जानकारी को बढ़ावा दिया जाएगा।

| आपूर्तिकर्ताओं, ठेकेदारों **और** भागीदार कंपनियों के साथ संबंध।

आपूर्तिकर्ताओं, ठेकेदारों और Dominion, S.A. के भागीदार कंपनियों की चयन प्रक्रिया निष्पक्षता और उद्देश्यपरकता के साथ निष्पादित की जाएगी, ऐसा करने के लिए, इसके कर्मचारियों को उनके चयन में

हितों के किसी भी टकराव से बचते हुए, इन प्रक्रियाओं के लिए गुणवत्ता और लागत मापदंड लागू करना होगा।

Dominion, S.A. अपने आपूर्तिकर्ताओं के लिए "आपूर्तिकर्ताओं के सामाजिक दायित्व की प्रतिबद्धता" पर हस्ताक्षर करना आवश्यक करेगी। इसी तरह, आपूर्तिकर्ताओं, ठेकेदारों और भागीदार कंपनियों के आंतरिक नियंत्रण प्रणाली में कमियों या कमजोरियों की पहचान करने और सही करने के लिए संभावित रूप से आवश्यक लेखा परीक्षण करवाने को बढ़ावा देगी।

प्रतिस्पर्धियों के साथ संबंध।

Dominion, S.A. प्रतिस्पर्धा के संरक्षण के संबंध में विधान का कड़ाई से पालन करने का वचन देती है। यह निष्पक्ष ढंग से बाजार में प्रतिस्पर्धा करने, मुक्त प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देने और हमेशा प्रयोज्य कानूनी नियमों के साथ पालन करने के लिए भी वचनबद्ध होती है।

Dominion, S.A. मुक्त और खुली प्रतियोगिता सीमित कर सकने वाली, कीमतों, वाणिज्यिक शर्तों, पेशकशों बाजार के आवंटन या किसी अन्य गतिविधि के मामले में मौजूदा या संभावित प्रतियोगियों के साथ बातचीत, अनुबंधों, समझौतों, परियोजनाओं या गठबंधन में भाग नहीं लेगी।

सरकारों और सरकारी अधिकारियों के साथ संबंध।

Dominion, S.A. अपनी राजनीतिक तटस्थता को व्यक्त करती है और कथन करती है कि यह प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से, न तो स्पेन में और न ही विदेशों में किसी भी राजनीतिक दल या उसके प्रतिनिधियों या उम्मीदवारों का वित्तपोषण करती है।

राजनीतिक या सार्वजनिक गतिविधियों में भाग लेने की इच्छा रखने वाले कर्मचारियों को ऐसा अलग से, एक व्यक्तिगत आधार पर और काम के घंटों के बाद करना होगा।

एक उत्पीड़न और भेदभाव मुक्त कार्य वातावरण।

Dominion, S.A. किसी भी प्रकार के यौन उत्पीड़न या अन्यथा से मुक्त एक कार्य वातावरण बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध है, चाहे यह एक कामगार का किसी अन्य के द्वारा उत्पीड़न हो, या किसी कामगार द्वारा किसी ग्राहक या आपूर्तिकर्ता का या इसके उलट, और यह सुनिश्चित करने की प्रतिज्ञा करती है कि हर किसी के साथ निष्पक्षता और गरिमा के साथ व्यवहार किया जाता है। इसलिए, जाति, रंग, लिंग, आयु, धर्म, नस्लीय या भौगोलिक मूल, विकलांगता या किसी अन्य नाजायज कारण के आधार पर किसी भी भेदभावपूर्ण व्यवहार को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। हालांकि, लोगों के कौशल या किसी विशेष काम के लिए आवश्यक व्यावसायिक योग्यता के आधार पर लोगों में विभेदीकरण को भेदभाव के रूप में नहीं माना जाएगा।

मानव अधिकारों के लिए सम्मान।

अपने संचालन वाले सभी प्रदेशों में प्रयोज्य विधान का पालन करने के अलावा, Dominion, S.A. मानव अधिकारों के अंतर्राष्ट्रीय विधेयक में निर्धारित अधिकारों और अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन घोषणा अधिकारों

के सिद्धांतों को शामिल करते हुए, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त मानव अधिकारों का सम्मान करने के लिए प्रतिबद्ध है ।
Dominion, S.A. वैश्विक काम्पेक्ट के 10 सिद्धांतों का भी पालन करती है।

पर्यावरण के प्रति सम्मान।

पर्यावरण का सम्मान और संरक्षण वे मौलिक आदर्श हैं जिनका पालन Dominion, S.A. हमेशा हर उस देश में जहाँ यह स्थित है, प्रयोज्य पर्यावरण विधानों का पालन कर के करती रही है, और अपनी गतिविधियों का संचालन इस प्रकार करने के लिए प्रतिबद्ध है जिससे पर्यावरण पर नकारात्मक प्रभाव न्यूनतम होते हैं। नतीजतन, समूह के सभी व्यक्तियों को, प्राकृतिक संसाधनों का विवेकपूर्ण उपयोग कर के, Dominion, S.A. की औद्योगिक गतिविधि की विभिन्न प्रक्रियाओं की वजह से पर्यावरण पर प्रभाव को कम करने के लिए सभी नियंत्रण तंत्रों को कम में ले कर पर्यावरण का सम्मान करना होगा।

दान और सामाजिक परियोजनाएँ।

जिन समुदायों के साथ यह शामिल है उनकी उन्नति और कल्याण के लिए अपनी प्रतिबद्धता में Dominion, S.A., दान और सामाजिक-सांस्कृतिक परियोजनाओं के माध्यम से उनके विकास के लिए सक्रिय रूप से योगदान देती है।
सभी दानों का संबंधित प्राधिकरण होना और इनको समूह के लेखा अभिलेखों में शामिल किया जाना आवश्यक है; और किसी भी तरह से अवैध गतिविधियाँ करने से संबंधित संगठनों को दान या किसी भी प्रकार का वित्तीय योगदान करना पूरी तरह से निषिद्ध है।

3.5. स्वास्थ्य *और* सुरक्षा

Dominion, S.A. अपनी प्रक्रियाओं, सुविधाओं और सेवाओं में सुरक्षा के एक उच्च स्तर को प्राप्त करने की कोशिश करते हुए, कर्मचारियों, शेयरधारकों, ठेकेदारों, आपूर्तिकर्ताओं, ग्राहकों और स्थानीय पर्यावरण की रक्षा करने पर विशेष ध्यान देते हुए, अपनी गतिविधियों को संचालित करती है। यह प्रत्येक देश में लागू कानून में उल्लिखित निवारक उपायों को भी अपनाती है और इस प्रतिबद्धता को अपनाती है कि उनकी सुविधाओं और कार्य केन्द्रों में जिनके लिए काम करना आवश्यक हैं, वे सभी कामगार, इष्टतम स्वास्थ्य और सुरक्षा की स्थिति में ऐसा करें।

Dominion, S.A. अपने कर्मचारियों के लिए आवश्यक संसाधन और प्रशिक्षण प्रदान करती है ताकि वे सुरक्षित रूप से और एक स्वस्थ वातावरण में अपने कर्तव्यों का निर्वाह कर सकें। उधर, Dominion, S.A. की सुविधाओं में अपने कर्तव्यों का निष्पादन करने वाले कामगारों (या तो इसके अपने या उपसंविदा कर्मचारियों) का यह

दायित्व है कि व्यावसायिक खतरों की रोकथाम करने और न्यूनतम करने के लिए, वे स्वास्थ्य और सुरक्षा के संचालन नियमों की जानकारी रखें और उनका पालन करें।

अंत में, कंपनी परिसर के अंदर मादक पेय, उत्तेजक, नशीले पदार्थों या अन्य नशीली दवाओं जैसे मादक पदार्थों का उत्पादन, खपत, खरीद, बिक्री, तस्करी या अपने पास रखना निषिद्ध है।

3.6. भ्रष्टाचार *और* धोखाधड़ी की रोकथाn

Dominion, S.A. देश में या विदेश में दोनों जगह, ग्राहकों, आपूर्तिकर्ताओं, व्यापार भागीदारों और अधिकारियों या सार्वजनिक संस्थानों के संबंध में किसी भी भ्रष्ट आचरण या व्यवहार, रिश्वतखोरी या प्रभाव डालने को सख्ती से निषिद्ध करती है।

इसलिए, Dominion, S.A. में लोग तीसरे पक्षों के साथ अपने रिश्तों में ऐसे उपहार या मेजबानी की न तो पेशकश करेंगे और न स्वीकार करेंगे जो विशुद्ध रूप से प्रतीकात्मक की सीमा से परे जाता है या जिसे अनावश्यक रूप से एक, वाणिज्यिक, पेशेवर या प्रशासनिक रिश्ते को प्रभावित करने के प्रयास के रूप में देखा जा सकता है।

इस निषेध में, वस्तु की प्रकृति, आवृत्ति और राशि का ध्यान रखते हुए, उचित मूल्य वाले खर्चों .या मेजबानी जिन्हें बाजार में सामान्य या आम समझा जाता है, शामिल नहीं हैं। किसी भी मामले में, इसको व्यापार इकाई के प्रभारी द्वारा अधिकृत किया जाना आवश्यक है।

इसी तरह, Dominion, S.A के पक्ष में अपने प्रभाव का उपयोग करने के लिए राजी करने करने के लिए जन प्रतिनिधियों को या तो सीधे या तीसरे पक्ष, उपहार या अधिमान्य व्यवहार या फायदे प्रदान करना स्वीकार्य नहीं है। किसी सरकारी अधकारी या प्राधिकरण को नाजायज रूप से प्रभावित करने के लिए निजी रिश्तों का लाभ उठाना भी पूरी तरह से वर्जित है।

- <u>भुगतान से संबंधित नियम</u>
  समूह की कंपनी के लिए भुगतान के किसी दायित्व का सृजन करने वाले तृतीय पक्ष के साथ कोई भी अनुबंध लिखित रूप में होना चाहिए और प्रदान की जाने वाली सेवा का पर्याप्त विस्तार से वर्णन होना चाहिए, तथा कंपनी की प्रणाली और कार्यविधियों के अनुसार संबंधित प्रभारी द्वारा इसका प्राधिकरण होना आवश्यक है।
  कंपनी द्वारा किया गया कोई भी भुगतान एक ऑर्डर चेक या बैंक हस्तांतरण के माध्यम से किया जाना चाहिए। नकद या बेयरर चेक के माध्यम से भुगतान करना वर्जित है।
  खरीद ऑर्डर या कोई अन्य वाणिज्यिक लाभ प्राप्त करने के उद्देश्य से प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से, कमीशन या अन्य रूपों में क्षतिपूर्ति का, भुगतान करना सख्ती से वर्जित है। इसमें Dominion, S.A. के वाणिज्यिक

एजेंटों या प्रतिनिधियों को समूह के लिए उनके कार्य के परिणाम स्वरूप किया गया भुगतान जो हमेशा कानून के शासन के भीतर है, शामिल नहीं है।
इसी प्रकार, किसी प्रशासनिक संबंध को अनावश्यक रूप से प्रभावित करने के उद्देश्य से, देश के अंदर और विदेश दोनों में, किसी भी सरकारी अधिकारी या किसी सरकारी एजेंसी या संस्था के कर्मचारी को कोई भी भुगतान करना सख्ती से वर्जित है।

3.7. हित संघर्ष

हित संघर्ष तब प्रकट होता है जब Dominion, S.A. का निर्माण करने वाले लोगों के हित प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से, समूह के हितों के साथ विरोधी हों या समूह के हित से टकराते हों, उनके व्यावसायिक दायित्वों और जिम्मेदारियों के निर्वाह में हस्तक्षएप करते हों या उन्हें उनकी निजी क्षमता में किसी आर्थिक लेनदेन या समूह के संचालन में शामिल करते हों।

तो, कोई भी व्यक्ति जो मानता है कि समूह के बाहर अन्य गतिविधियों, अपने परिवार के रिश्तों, अपने निजी धन या किसी अन्य कारण से वह हितों के टकराव की स्थिति में है, तो उसको तुरंत उस व्यवसाय इकाई के प्रभारी को इसकी सूचना देनी चाहिए, ताकि प्रभारी यह विश्लेषण कर सके कि क्या वहाँ हितों का एेसा कोई टकराव है, टकराव मौजूद होने की स्थिति में प्रभारी उस व्यक्ति को उस प्रक्रिया में से बाहर कर सकता है जहाँ हितों का टकराव मौजूद है।

इसी तरह, कार्यकारी निदेशक और संबंधित व्यक्ति (संबंधित व्यक्तियों के रूप में कर्मचारी का/की पति/पत्नी या पति/पत्नी तुल्य; पूर्वज, वंशज और भाई व बहिन और उनके पति/पत्नी, वंशजों के पति/पत्नी और कर्मचारी या किसी अन्य पक्ष द्वारा प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से नियंत्रित कंपनियाँ मानी जा सकती हैं) क्षेत्र की कंपनियों या Dominion, S.A. के साथ प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से प्रतिस्पर्धा करने की संभावना वाली गतिविधियाँ चलाने वाली कंपनियों के लाभ के लिए Dominion, S.A. के साथ किसी रोजगार संबंध के माध्यम से कार्य प्रदर्शन, या तो रोजगार या स्वरोजगार, कार्य, नौकरी नहीं कर सकेगा या सेवा प्रदान नहीं कर सकेगा।

आपूर्तिकर्ताओं और / या प्रतियोगियों के साथ, प्रत्यक्ष या रिश्तेदारी के माध्यम से संपत्ति रिश्ते रखने वाले, Dominion, S.A. के सभी कर्मचारियों को अपनी उसके व्यवसाय इकाई के प्रभारी को सूचित करना चाहिए। ऐसा करने के लिए, परिशिष्ट 1 दस्तावेज़ का उपयोग करें।

3.8. संसाधनों *और* परिसंपत्तियों का उपयोग

Dominion, S.A. में सभी लोग, निजी या नौकरी से असंबंधित उपयोग और/या समूह के हितों से सीधे असंबंधित गतिविधियों के लिए चाहे वित्तीय या गैर वित्तीय, उन संसाधनों का उपयोग नहीं करेंगे, जो उनकी व्यावसायिक गतिविधियों के संचालन के लिए उनके काम के सिलसिले में उन्हें सौंपे गए है, इसके अलावा उन लोगों की सुरक्षा की जिम्मेदारी लेते हुए जिनको उन्हें अपने काम के संबंध में सौंपा गया था।

। परिसंपत्तियों का निपटान

Dominion, S.A. में लोग, समूह की परिसंपत्तियों के संरक्षण और संभावित लेनदारों को नुकसान नहीं पहुँचाने के लिए अपने कर्तव्यों के निर्वाह में उनकी अखंडता को सुनिश्चित करेंगे।

इस उद्देश्य के लिए, वे अपने लिए उपलब्ध या अपने कर्तव्य का निर्वाह करने के लिए जिन तक उनकी पहुँच है, उन परिसंपत्तियों की रक्षा और देखभाल करेंगे, और उनका उचित रूप से उस प्रयोजन के लिए उपयोग करेंगे जिसके लिए वे प्रदान की गई हैं। खास तौर से, लेनदारों के प्रति अपनी देनदारियों के अनुपालन से बचने के लिए Dominion, S.A. के स्वामित्व वाली किसी परिसंपत्ति की बिक्री, स्थानांतरण, असाइनमेंट, छिपाव, आदि निषिद्ध है।

। इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के उपयोग

विशेष रूप से, प्रत्येक डिवाइस के लिए विशिष्ट उपयोग के लिए निर्देशों में निहित अन्य नियमों और निषेधों के प्रति किसी पूर्वाग्रह के बिना, Dominion, S.A. के कर्मचारियों को गैरकानूनी या Dominion, S.A. के नियमों या निर्देशों के विपरीत किसी भी कंप्यूटिंग उपयोग को छोड़कर सुरक्षा और दक्षता के मापदंड पूरा करने वाले आईटी संसाधनों और उन्हें प्रदान किए गए उपकरण, का जिम्मेदारी से उपयोग करना चाहिए।

ऐसे प्रोग्राम या ऐप्लिकेशन जिनके प्रासंगिक उपयोगकर्ता लाइसेंस नहीं है या जिनका उपयोग गैरकानूनी है, जो Dominion, S.A. अथवा तृतीय पक्ष के सिस्टमों को क्षति, नष्ट, परिवर्तित कर सकते हैं, अप्रयोज्य बना सकते हैं या हानि पहुँचा सकते हैं, को संस्थापित करना या उपयोग करना भी निषिद्ध है।

यदि कर्मचारियों को अपने कर्तव्य का निर्वाह करते हुए किसी तीसरे पक्ष के ऐप्लिकेशन या कंप्यूटर सिस्टम को एक्सेस करना पड़े तो उन्हें उस उद्देश्य के लिए तृतीय पक्ष द्वारा स्थापित उपयोग के नियमों के सेट का पालन करना चाहिए और दूसरों के कंप्यूटर सिस्टमोंका अनधिकृत एक्सेस सख्ती से निषिद्ध है।

3.9. व्यक्तिगत डेटा की सुरक्षा

Dominion, S.A. अपने ग्राहकों, शेयरधारकों, आपूर्तिकर्ताओं, भागीदार कंपनियों, ठेकेदारों, कर्मचारियों, संस्थाओं और आम जनता द्वारा सौंपे गए व्यक्तिगत डेटा की रक्षा के निजता के अधिकार सुनिश्चित करने के लिए विशेष रूप से ख्याल रखती है। Dominion, S.A. में लोग,ऐसे व्यक्तिगत डेटा जिस तक उनकी अपने पेशेवर कर्तव्यों के निर्वाह के कारण एक्सेस है, सिवाय संबंधित पक्षों की सहमति के या किसी कानूनी बाध्यता या प्रशासनिक या न्यायिक निर्णय के परिणाम में ऐसा करना आवश्यक होने के, खुलासा नहीं करेंगे। किसी भी मामले में, ऐसे डेटा को कानूनी या अनुबंधात्मक रूप से जिस प्रयोजन के लिए प्रदान किया गया है उसके अलावा किसी अन्य प्रयोजन के लिए प्रोसेस नहीं किया जाएगा।

व्यक्तिगत डेटा की प्राप्ति, संरक्षण या तीसरे पक्ष को स्थानांतरण इस प्रकार करना होगा कि वह व्यक्ति के लिए सम्मानजनक और वैधानिक प्रावधानों के अनुसार हो।

3.10. बौद्धिक *और* औद्योगिक संपदा

Dominion, S.A. में सभी लोगों को, स्वयं के (जो समूह के स्वामित्व में हैं या जिसका उपयोग किसी भी स्वामित्व द्वारा आवंटित किया गया है) के साथ ही तृतीय पक्ष के, दोनों बौद्धिक एवं औद्योगिक संपदा अधिकारों का सम्मान और संरक्षण करना होगा।

तदनुसार, किसी बौद्धिक संपदा अधिकार के मालिकों की अनुमति के बिना, किसी तीसरे पक्ष के स्वामित्व वाले पेटेंट, पंजीकृत औद्योगिक डिजाइन और/या विशिष्ट चिह्नों की प्रतिलिपि बनाने के साथ ही, किसी साहित्यिक, कलात्मक या वैज्ञानिक कार्य का पुनरुत्पादन, चोरी, वितरण या सार्वजनिक रूप से संचारण निषिद्ध है।

4. व्याख्या

इस आचार संहिता की व्याख्या से उत्पन्न हो सकने वाले किसी भी शक का समाधान प्रत्येक कंपनी के मानव संसाधन प्रबंधन द्वारा किया जाएगा।

निगमित सामाजिक दायित्व समिति को सही ढंग से अपना निगरानी कार्य कर सके इसके लिए, मानव संसाधन प्रबंधन को, हर साल, इस आचार संहिता के उपयोग और इसकी व्याख्या के बारे में लिए गए किसी भी निर्णय की जानकारी के साथ एक रिपोर्ट इस समिति को भेजनी चाहिए। निगमित सामाजिक दायित्व समिति इसकी व्याख्या के लिए सामान्य दिशा निर्देशों को परिभाषित कर सकती है।

5. गैर-अनुपालन

इस आचार संहिता के नियमों के गैर-अनुपालन का परिणाम प्रयोज्य कानून के अनुसार प्रतिबंधों का लागू होना हो सकता है।

Dominion, S.A. के निदेशक मंडल को रिपोर्ट करने वाली निगमित सामाजिक दायित्व समिति, आचार संहिता के उचित कार्यान्वयन की निगरानी के लिए जिम्मेदार है।

Dominion, S.A. में कोई भी व्यक्ति, किसी वरिष्ठ के आदेश पर प्रत्युत्तर के रूप में भी, इस आचार संहिता के प्रावधानों के उल्लंघन के लिए अधिकृत नहीं है।

6. आचार संहिता की अनियमितताओं या उल्लंघन के बारे में विचार-विमर्श और रिपोर्टिंग के प्रबंधन के लिए कार्यविधि

Dominion, S.A. परामर्श और आचार संहिता के साथ और इसे लागू करने वाले नियमों और विनियमों के अनुपालन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आचार संहिता की अनियमितताओं या उल्लंघनों के बारे में रिपोर्टिंग के प्रबंधन के लिए कार्यविधि की स्थापना की है।

Dominion, S.A. संगठन से संबंधित सभी लोगों को, निम्नलिखित चैनलों के माध्यम से या समूह द्वारा भविष्य में स्थापित किए जाने वाले किसी अन्य माध्यम से,प्रश्नों को उठाने और ऐसी अनियमितताओं या उल्लंघनों की रिपोर्ट करने के लिए सक्षम बनाता है, जो अनैतिक हैं, ईमानदारी की कमी है या जो आचार संहिता में निर्धारित दिशा निर्देशों के खिलाफ कार्य करते हैं:

- इलेक्ट्रॉनिक नैतिकता चैनल: canaletico@dominion-global.com
- अनुपालन विभाग को संबोधित मेल निम्न पते पर भेजें:
  Alameda Mazarredo 69, 8º C.P. 48009 Bilbao (Vizcaya), Spain.
- इंटरनेट आधारित सूचना और संचार चैनल तथा कंपनी की वेबसाइट।

अधिसूचना या परामर्श में तथ्य को सूचित करने वाले व्यक्ति की पहचान के लिए आवश्यक जानकारी तथा परामर्श या अधिसूचना का वर्णन शामिल किया जाना जरूरी है। सूचनाओं और परामर्श को अनुपालन विभाग द्वारा नियंत्रित किया जाता है और इसका अध्ययन और संसाधन एक गोपनीय ढंग से किया जाएगा। शामिल

पक्षों की जानकारी को संबंधित देश में डेटा की सुरक्षा पर लागू कानूनों के प्रावधानों के अनुसार प्रबंधित किया जाएगा।

स्थापित चैनलों का इस्तेमाल कर के सद्भावना में संभावित अनियमितताओं के बारे में सूचित करने वालों के विरुद्ध किसी भी जवाबी कार्रवाई को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। संभावित गंभीर अनियमितताओं के संचार की अनुमति देने के लिए बनाना उचित समझे गए किसी भी अन्य तंत्र पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना नैतिकता चैनल का अस्तित्व माना जाता है।

परिशिष्ट - I

Dominion, S.A.

[या समूह की विशिष्ट कंपनी]

C/o व्यवसाय इकाई के प्रबंधक

[कर्मचारी की व्यावसायिक इकाई]

[स्थान], [दिनांक]

श्री श्रीमती: ____

Dominion, S.A. का/की कर्मचारी [*या समूह की विशिष्ट कंपनी*], घोषणा करता/करती है कि आपूर्तिकर्ता / प्रतियोगी के साथ संबंधित है:

____

मेरा (*) ____________________ के साथ रिश्ता है जिसे में सभी प्रयोजनों के लिए सूचित करता/करती हूँ।

[*हस्ताक्षर*]

*स्वामित्व

*भागीदार

*रिश्तेदारी